मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या—cm-63
20/02/2024

मुख्यमंत्री ने कृषि विभाग अन्तर्गत नवनियुक्त अभ्यर्थियों को प्रदान किया नियुक्ति/नियोजन—पत्र, कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं का भी किया उद्घाटन एवं शिलान्यास

पटना, 20 फरवरी 2024 :— मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार आज कृषि विभाग अंतर्गत नियुक्ति/नियोजन—पत्र वितरण सह कृषि विभाग की विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं के उद्घाटन एवं शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित 'संवाद' में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने सांकेतिक रूप से 10 नवनियुक्त सहायक प्राध्यापक सह कनीय वैज्ञानिकों को नियुक्ति प्रमाण पत्र प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने श्रीमती दिव्या महतो, श्री देवेन्द्र मंडल, श्रीमती प्रियंका, श्री पंकज कुमार, श्रीमती अपर्णा पाण्डेय, सुश्री शाहीना परवीन, श्री मुन्ना यादव, श्रीमती नेहा पाण्डेय, सुश्री गायत्री कुमारी, श्री अवधेश कुमार, श्रीमती अंकिता देवी एवं श्रीमती काव्या विश्वास को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर, भागलपुर के अधीन 239 सहायक प्राध्यापक एवं विषय—वस्तु विशेषज्ञों तथा कृषि विभाग अंतर्गत 789 प्रखण्ड स्तरीय तकनीकी प्रबंधक, लेखापाल आदि सहित कुल 1028 अभ्यर्थियों को नियुक्ति/नियोजन—पत्र प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री सह कृषि मंत्री श्री विजय कुमार सिन्हा तथा जल संसाधन सह भवन निर्माण मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी ने भी नवनियुक्त अभ्यर्थियों को सांकेतिक रूप से नियुक्ति पत्र प्रदान किया।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने रिमोट के माध्यम से 14 करोड़ रूपये की लागत से बिहार कृषि विश्वविद्यालय सबौर (भागलपुर) में 800 क्षमता वाले नवनिर्मित सभागार का उद्घाटन किया तथा तीन कृषि अभियंत्रण महाविद्यालयों— 145 करोड़ रूपये की लागत से निर्मित होनेवाले कृषि अभियंत्रण महाविद्यालय, भोजपुर (आरा), 123 करोड़ रूपये की लागत से निर्मित होनेवाले कृषि व्यवसाय प्रबंधन महाविद्यालय, पटना एवं 28 करोड़ रूपये की लागत से निर्मित होनेवाले पोषक अनाज मूल्य श्रृंखला के लिए गुणवत्तावर्द्धन केन्द्र, टनकुप्पा (गया) का शिलान्यास किया।

कृषि विभाग के सचिव श्री संजय कुमार अग्रवाल ने मुख्यमंत्री को पौधा भेंटकर उनका स्वागत किया।

इस मौके पर उप मुख्यमंत्री सह कृषि मंत्री श्री विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन सह भवन निर्माण मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्य सचिव श्री आमिर सुबहानी, कृषि विभाग के सचिव श्री संजय कुमार अग्रवाल, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, मुख्यमंत्री सचिवालय के विशेष सचिव श्री चंद्रशेखर सिंह, बिहार कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ0 डी0आर0 सिंह सहित कृषि विभाग के पदाधिकारीगण/कर्मीगण, नवनियुक्त अभ्यर्थीगण उपस्थित थे जबकि विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों से पदाधिकारीगण एवं नवनियुक्त अभ्यर्थीगण कार्यक्रम से जुड़े थे।

******